भक्त तेरे बुलाए

मेरे बाला हनुमान रे हनुमान रे,
भक्त तेरे बुलाए हनुमान रे तुझे आज रे,
ओ मेरे बाला बलवान रे,
भक्त तेरे बुलाए हनुमान रे,
तुझे आज रे, ओ मेरे बाला.........

अटके हुए तू सारे कारज बनावे कारज बनावे...-2
पल में नैया पार लगावे पार लगावे,
मारुती नंदन हे दुखभंजन,
कर दो भव से पार रे,
भक्त तेरे बुलाए हनुमान रे,
तुझे आज रे, ओ मेरे बाला.........

माँ अंजनी के तुम हो दुलारे तुम हो दुलारे...-2
सियाराम को भी लगते हो प्यारे लगते हो प्यारे,
भक्तों के ही बस में आते महावीर हनुमान रे,
भक्त तेरे बुलाए हनुमान रे,
तुझे आज रे, ओ मेरे बाला........

इन नैनो की प्यास बुझा दो प्यास बुझा दो...-2
सोए हुए मेरे भाग्य जगा दो भाग्य जगा दो,
जो भी तेरी शरण में आए कर दे मालामाल रे,
भक्त तेरे बुलाए हनुमान रे,
तुझे आज रे, ओ मेरे बाला.........

तेरी महिमा सब जग गावे सब जग गावे...-2
शोभा तेरी वर्णी ना जावे वर्णी ना जावे,
भक्ति जगाकर अमन के दिल में देना राम मिलाय रे,
भक्त तेरे बुलाए हनुमान रे,
तुझे आज रे, ओ मेरे बाला..........

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/22900/title/bhakt-tere-bulaye

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |